संख्या : 435458/XXIV-B-1/2026/02(06)/2013 टी0सी0

प्रेषक,

**ज्योति यादव,**
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

**माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–1** **देहरादून : दिनांक : 25 सितम्बर, 2026**

**विषयः राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) का राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त लिए गये निर्णय के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय निम्नवत तालिका "A" के स्तम्भ–04 में वर्णित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) का राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) एवं तालिका "B" के स्तम्भ–04 में वर्णित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं–

**तालिका "A"**

**राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) का राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) स्तर पर उच्चीकरण**

| कम | जनपद | विधानसभा | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | हरिद्वार | भगवानपुर | रा0उ0मा0वि0 अलावलपुर |

**तालिका "B"**

**राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण**

| कम | जनपद | विधानसभा | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | चम्पावत | चम्पावत | रा0उ0मा0वि0 फुंगर |
| 2 | चम्पावत | चम्पावत | रा0उ0मा0वि0 गोली |
| 3 | नैनीताल | भीमताल | रा0उ0मा0वि0 ककोड़गाजा |
| 4 | नैनीताल | भीमताल | रा0उ0मा0वि0 गौनियारो |
| 5 | बागेश्वर | कपकोट | रा0उ0मा0वि0 उद्यमस्थल |
| 6 | देहरादून | सहसपुर | रा0उ0मा0वि0 बनियावाला |
| 7 | टिहरी | घनसाली | रा0उ0मा0वि0 धमातोली, भिलंगना |
| 8 | उत्तरकाशी | पुरोला | रा0उ0मा0वि0 ओड़गांव |
| 9 | चम्पावत | लोहाघाट | रा0उ0मा0वि0 कफड़ा |
| | | | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | चम्पावत | लोहाघाट | रा०उ०मा०वि० डुंगरा बोरा |
| 11 | उधमसिंह नगर | नानकमत्ता | रा०उ०मा०वि० आरथाविही |
| 12 | हरिद्वार | कलियर | रा०उ०मा०वि० बेलड़ी |
| 13 | हरिद्वार | ज्वालापुर | पी०एम०श्री रा०उ०मा०वि० गोवर्द्धनपुर |
| 14 | हरिद्वार | ज्वालापुर | रा०उ०मा०वि० हरजौली जट |
| 15 | हरिद्वार | ज्वालापुर | रा०उ०मा०वि० खेड़ी शिकोहपुर |
| 16 | हरिद्वार | लक्सर | रा०उ०मा०वि० अकबरपुर उद |
| 17 | हरिद्वार | हरिद्वार ग्रामीण | रा०उ०मा०वि० रानी माजरा |
| 18 | उ०सि०नगर | खटीमा | रा०उ०मा०वि० नगलातराई |

02— उपरोक्त के कम में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त तालिका "A" के अनुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) पर उच्चीकृत होने वाले 01 विद्यालय एवं तालिका "B" के अनुसार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (हाईस्कूल) से इण्टर स्तर पर उच्चीकृत होने वाले 18 विद्यालयों तथा रा०उ०मा०वि० जाराजिबली, धारचूला, पिथौरागढ़ जिसके इण्टर स्तर पर उच्चीकरण हेतु शासनादेश संख्या—426819, दिनांक 25.08.2026 द्वारा पूर्व में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, हेतु निम्नवत तालिकानुसार अस्थायी पदों को उनके सम्मुख अंकित वेतनमान में शासनादेश के दिनांक या नियुक्ति की तिथि, जो भी बाद में हो, से दिनांक 28.02.2027 तक, बशर्ते कि ये पद इससे पहले बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिए जाए, सृजित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं—

<u>राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल स्तर)</u> <u>कुल विद्यालय की संख्या—01</u>

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | सृजित पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | प्रधानाध्यापक | वेतनमान 56100—177500 (लेवल—10) | 01 | जूनियर हाईस्कूल हेतु पूर्व सृजित 01 पद को समर्पित मानते हुए प्रधानाध्यापक लेवल—10 के 01 पद सृजित माना जायेगा। |
| 2 | स०अ०एल०टी० हिन्दी | वेतनमान 44900—142400 (लेवल—7) | 01 | स०अ०एल०टी० के सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| 3 | स०अ०एल०टी०.एक आधुनिक भारतीय भाषा (उर्दू, पंजाबी, बंगाली, आदि) अथवा अंग्रेजी अथवा संस्कृत | वेतनमान 44900—142400 (लेवल—7) | 01 | स०अ०एल०टी० के सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| 4 | स०अ०एल०टी० गणित / गृह विज्ञान | वेतनमान 44900— 142400 (लेवल—7) | 02 (गणित—1 पद, गृह विज्ञान—1 पद) | स०अ०एल०टी० के सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| 5 | स०अ०एल०टी० विज्ञान | वेतनमान | 01 | स०अ०एल०टी० के |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 44900–142400 (लेवल–7) | | सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| 6 | स0अ0एल0टी0 सामाजिक विज्ञान | वेतनमान 44900–142400 (लेवल–7) | 01 | स0अ0एल0टी0के सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| 7 | स0अ0एल0टी0 कला शिक्षा | वेतनमान 44900–142400 (लेवल–7) | 01 | स0अ0एल0टी0 के सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| 8 | स0अ0एल0टी0, एक आधुनिक भारतीय भाषा जो अनिवार्य विषय के रूप में क0सं0 02 के रूप में नहीं लिया गया हो अथवा ऐसा विषय जिसे अधिक से अधिक छात्र–छात्रा लेने के इच्छुक हों, छात्र संख्या के आधार पर। | वेतनमान 44900–142400 (लेवल–7) | 01 | स0अ0एल0टी0 के सरप्लस पदों के समायोजन के द्वारा |
| | **कुल पदों की संख्या–** | | **09** | |

**राजकीय इण्टर कालेज** **कुल विद्यालयों की संख्या–19**

| क्र0सं0 | पदनाम | वेतनमान | सृजित पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रधानाचार्य | वेतनमान 78800–209200 (लेवल–12) | 19 (प्रति विद्यालय 1) | प्रधानाध्यापक रा0उ0मा0वि0 वेतनमान 56100–177500 लेवल–10 के पूर्व सृजित 19 पदों को समर्पित मानते हुए 19 नवीन पद प्रधानाचार्य के लेवल–12 में सृजित हो जायेंगे। |
| 2 | प्रवक्ता | वेतनमान 47600–151100 (लेवल–8) | 190 (प्रति विद्यालय 10) | शासनादेश संख्या–2133, दिनांक 09.12.2024 द्वारा निर्धारित मानकानुसार |
| | **कुल पदों की संख्या–** | | **209** | |

**03–** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाईस्कूल) में उच्चीकृत होने वाले विद्यालयों में पूर्व से सृजित समस्त पद समर्पित समझे जायेंगे एवं उन पदों पर कार्यरत प्रधानाध्यापक/शिक्षक शासनादेश निर्गत होने की तिथि से 03 माह के भीतर अन्यत्र समायोजित किये जायेंगे। हाईस्कूल से इण्टरमीडिएट में उच्चीकृत होने वाले विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक शासनादेश निर्गत होने की तिथि से 03 माह के भीतर अन्यत्र समायोजित किये जायेंगे। हाईस्कूल से इण्टरमीडिएट में उच्चीकृत विद्यालयों में पूर्व से सृजित वरिष्ठ सहायक एवं चतुर्थ श्रेणी के पद समायोजित माने जायेंगे।

**04–** उपरोक्तानुसार सृजित होने वाले पदों के पदधारकों को शासन द्वारा स्वीकृत मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते नियमानुसार देयक होंगे।

**05–** सृजित पदों के सापेक्ष नियुक्तियां सेवा नियमों, निर्धारित प्रकिया के अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।



Scanned with OKEN Scanner

**06–** इस सम्बन्ध में होने वाले व्यय वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय व्ययक के अनुदान संख्या–11 के लेखाशीर्षक–2202–सामान्य शिक्षा–02–माध्यमक शिक्षा–109–राजकीय माध्यमिक विद्यालय– 00–05–नये राजकीय हाईस्कूलों की स्थापना तथा 00–91–राजकीय हाईस्कूलों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण के अन्तर्गत सुसंगत मानक मदों के नामे डाला जायेगा।

**07–** यह आदेश वित्त विभाग के कम्प्यूटर जनित संख्या– 435441/2026/XXVII(7)/2026–27, दिनांक 24 सितम्बर, 2026 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Digitally signed by
Jyoti Yadav
Date: 25-09-2026
09:32:14
(ज्योति यादव)
सचिव।

**संख्या–435458(1)/XXIV–B–1/26/02(06)/2013 टी0सी0 तद्दिनांक।**
**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. - महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. - निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड को मा0 मुख्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ।
3. - निजी सचिव, मा0 विद्यालयी शिक्षा मंत्री को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
4. - आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/कुमांऊ, द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।
5. - महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
6. - सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।
7. - सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।
8. - अपर शिक्षा निदेशक, कुमांऊ मण्डल/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
9. - सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।
10. - प्रभारी, एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।
11. - प्रभारी, मीडिया सेंटर, सचिवालाय परिसर, देहरादून।
12. - गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
Ashutosh Shukla
Date: 25-09-2026
09:37:38
(आशुतोष शुक्ल)
उप सचिव।



Scanned with OKEN Scanner